11. काम के अलग-अलग रूप (क्रिया)

काम या क्रिया के भिन्न-भिन्न रूप होते हैं। काम केवल मनुष्य ही नहीं करता अपितु पशु-पक्षी, नदी, पहाड़, सूरज, पृथ्वी सभी किसी न किसी प्रकार से अपना कार्य करते रहते हैं। जिन शब्दों से काम के करने का पता चलता है, वे काम वाले या क्रिया शब्द कहलाते हैं।

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका बच्चों से पूछें, वे अपने घर में या विद्यालय में क्या-क्या काम करते हैं। जैसे-बच्चे उत्तर दें, वे घर में सोते हैं, खाते हैं, विद्यालय में पढ़ते हैं आदि। तदुपरांत शिक्षिका समझाएँ यही सब उनके कार्य हैं।
- ❖ पूछें, जब सुबह वे स्कूल आ रहे होते हैं, तब रास्ते में किस-किसको क्या काम करते देखते हैं। उदाहरण के लिए यदि बच्चे उत्तर दें, वह रास्ते में अखबार वाले को अखबार बाँटते देखते हैं या दूध वाले को दूध बाँटते देखते हैं, या सफ़ाई वाले को आदि। समझाएँ, ये भी काम का रूप है।
- ❖ अब प्रकृति के कामों के बारे में समझाएँ। पाठ पृष्ठ पर दिए वाक्यों को पहले स्वयं पढ़ें फिर बच्चों से पढ़वाएँ। हवा चल रही है। धूल उड़ रही है। पेड़ हिल रहे हैं। आदि वाक्यों द्वारा प्रकृति के कामों के बारे में बताएँ।
- ❖ अब समझाएँ, इन सभी काम वाले शब्दों को ही क्रिया कहते हैं। क्रिया द्वारा किसी काम का करना या होना पता चलता है।
- ❖ काम वाले शब्द जैसे- खेलना, खाना, पीना, चढ़ना आदि शब्दों को पढ़वाएँ।
- ❖ सुनिश्चित करें कि बच्चे भली-भाँति समझ पा रहे हैं या नहीं।
- ❖ अभ्यास करवाने में यथासंभव बच्चों की सहायता करें।